RAF SECTOR
NEWS CLIP
05/04/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Gaurav Mahima , Jaipur (R.J)

रैपिड एक्शन फोर्स ने स्वच्छता कार्यक्रम का किया आयोजन

■ गौरव महिमा

जयपुर। राजधानी जयपुर के आमेर में लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयपुर ने क्षेत्रीय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कल्याण केंद्र-83 बटालियन के तत्वाधान में कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह कमांडेंट के नेतृत्व में में स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप कमांडेंट धन्नाराम यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और जवानों के परिवारों और मुख्यालय 83 बटालियन कैम्पस के नजदीकी क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। साथ ही बताया कि बीमारियों और मौतों में आधी घटनाएँ गंदे हाथों से या गंदे खाने और दूषित पानी से उनके मुँह में जाने वाले रोगाणुओं के कारण होती है। इनमें से कई रोगाणु मानव और पशुओं के मल से भी आते हैं। इनके बचाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एसके धाकड़ ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। साथ ही अस्वच्छता और गंदगी से फ़ैलने वाली बिमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक रामनिवास यादव ने कचरा प्रबंधन प्रणाली के तहत कचरा निस्तारण, रिसाईकलिंग, कचरे से उत्पन्न होने वाली उर्जा के बारे में और कचरे से खाद बनाने की विधि के बारे में बताया। साथ ही कचरा वाहन के बारे में जानकारी दी।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।